an>

Title: Need to introduce a train from Jaipur to Shirdi and also extend Jaipur-Chandigarh Intercity express upto Anandpursaheb.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल भी है। यहाँ देश-विदेश से पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। शिर्डी एक बहुत बड़ा धार्मिक आना-जाना रहता है। धार्मिक स्थल होने के नाते जयपुर से शिर्डी यात्रियों का बहुत आना-जाना रहता है। कोई सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। इसके साथ ही आनन्दपुर साहिब सिक्खों की आस्था का एक बहुत बड़ा केद्र है। यहाँ पर जयपुर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। जयपुर से यहाँ के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी नहीं है। इसके लिए जयपुर-चंडीगढ़ इन्टरसिटी (गाड़ी संख्या-19717/19718) का विस्तार आनन्दपुर साहिब तक किया जाये।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि जयपुर की जनता की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए जयपुर से शिर्डी के मध्य सीधी रेल सेवा प्रारम्भ की जाये और साथ ही जयपुर-चंडीगढ़ इन्टरसिटी रेलगाड़ी का आनन्दपुर साहिब तक विस्तार किया जाये जिससे कि यात्रियों/श्रद्धालुओं का आना-जाना सुगम हो सके।